# यू.पी.एस.सी.
# प्रारंभिक परीक्षा-2020
# सामान्य अध्ययन-I
# (मॉडल पेपर-2)

**1.** निम्नलिखित में से किसके द्वारा डिजिटल भुगतान सूचकांक (Digital Payments Index) जारी किया जाता है?
(a) सेबी (SEBI)
(b) रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI)
(c) आरबीआई और नीति आयोग संयुक्त रूप से
(d) आरबीआई और वित्त मंत्रालय संयुक्त रूप से

**2.** वैश्विक निवेश रुझान मॉनीटर रिपोर्ट (Global investment trend Monitor Report) किसके/किनके द्वारा जारी की जाती है?
(a) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
(b) विश्व बैंक (WB)
(c) आईएमएफ (IMF) तथा विश्व बैंक (WB) द्वारा संयुक्त रूप से
(d) व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD)

**3.** ज़ीरो बजट नेचुरल फार्मिंग (Zero Budget Natural Farming, ZBNF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. बीजामृत: इसमें सिंचाई के स्थान पर मृदा में नमी एवं वायु की उपस्थिति को महत्त्व दिया जाता है।
2. मल्चिंग: इसमें भूमि की जुताई के स्थान पर फसल के अवशेषों से भूमि को आच्छादित कर दिया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**4.** ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी (Block chain Technology) के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) ब्लॉकचेन एक विशिष्ट प्रकार की डाटा संरचना है, जिसका उपयोग समस्त नाड्स या प्रतिभागियों के बीच लेन-देन करने के लिये किया जा सकता है।
(b) ब्लॉकचेन एक खुला एवं वितरित खाते के समान है, जहाँ दो पक्षों के बीच के लेन-देन को कालानुक्रमिक के साथ रियल टाइम में कुशलतापूर्वक रिकॉर्ड किया जाता है।
(c) यह सभी हितधारकों को साझा शिक्षण, अनुभवों एवं संसाधनों से लाभान्वित करके ई-शासन प्रणाली में पारदर्शिता और विश्वास बढ़ाने में मदद करती है।
(d) इसके अंतर्गत संग्रहीत डाटा की हैकिंग का जोखिम अधिक रहता है।

**5.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (National Logistics Policy) में वर्तमान समय में लॉजिस्टिक्स लागत, जो कि मौजूदा जीडीपी का 13-14% है, को वर्ष 2022 तक घटाकर जीडीपी के 10% से नीचे लाने का लक्ष्य रखा गया है।
2. जैविक उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिये राष्ट्रीय जैविक ई-बाज़ार विकसित किया जाएगा।
3. उड़ान (UDAN) योजना का पूरा नाम उड़े देश का आम नागरिक है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**6.** वैश्विक बौद्धिक संपदा सूचकांक-2020 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. भारत को 53 देशों में 42वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।
2. वैश्विक बौद्धिक संपदा सूचकांक के इस संस्करण में छ: नए संकेतकों को शामिल किया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**7.** लोकतंत्र सूचकांक को कौन जारी करता है?
(a) ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल (TI)
(b) इकॉनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU)
(c) यूनाइटेड नेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम (UNPP)
(d) इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन (ILO)

**8.** निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिये:
1. हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने कई राज्यों एवं केंद्र-शासित प्रदेशों पर ग्राम न्यायालयों की स्थापना न करने के कारण जुर्माना लगाया है।
2. विधि एवं न्याय मंत्रालय ने न्याय प्रणाली को आम जन-मानस के निकट ले जाने के लिये संविधान के अनुच्छेद-39 (A) के अनुरूप 'ग्राम न्यायालय अधिनियम, 2008', संसद में पारित किया।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**9.** समाज में समानता के होने का एक निहितार्थ यह है कि उसमें-
(a) विशेषाधिकारों का अभाव है
(b) अवरोधों का अभाव है
(c) प्रतिस्पर्धा का अभाव है
(d) विचारधारा का अभाव है

**10.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| **योजना/अभियान** | **संबद्ध बिंदु** |
|---|---|
| 1. 'विवाद से विश्वास' योजना | – कर (टैक्स) विवादों के निपटान के लिये लाई गई योजना |
| 2. जन औषधि केंद्र योजना | – इस योजना के तहत वर्ष 2024 तक सभी ज़िलों में 2000 प्रकार की दवाओं और 300 शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं की सुविधा दी जाएगी। |

3. 'टीबी हारेगा देश जीतेगा' – अभियान | वर्ष 2030 तक तपेदिक को समाप्त करने की प्रतिबद्धता।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 3 (b) केवल 2

(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**11.** कॉप-13 (Conference of parties-COP-13) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ (COP) के 13वें सम्मेलन का आयोजन गुजरात के गांधीनगर में किया गया।
2. इसका शुभंकर गिबी (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) था।
3. इस सम्मेलन को ब्लू कॉप (Blue COP) नाम दिया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3 (d) केवल 2

**12.** हाल के समाचारों में रहा 'सुपर कैम' (Supercam) निम्नलिखित में से क्या है?

(a) इसरो (ISRO) द्वारा निर्मित किया गया एक पुनर्उपयोगी रॉकेट।

(b) चीन द्वारा प्रक्षेपित की गई एक अंतरिक्ष वेधशाला।

(c) नासा द्वारा परीक्षण किया गया एक इलेक्ट्रिक प्लेन।

(d) कैमरा, लेज़र तथा स्पेक्ट्रोमीटर की मदद से मंगल ग्रह की सतह का परीक्षण करने वाला उपकरण।

**13.** कोआला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वृक्षों पर रहने वाला एक शाकलक्षी जीव, जो कि केवल ऑस्ट्रेलिया में पाया जाता है।
2. यह एक मार्सपियल (वे जीव, जो अपने बच्चे को पाउच में रखते हैं, जैसे- कंगारू) जीव है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**14.** कार्टोसैट-3 (CARTOSAT-3) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस उपग्रह को पीएसएलवी-सी47 (PSLV-C47) द्वारा लॉन्च किया गया था।
2. यह हाई रिजोल्यूशन इमेजिंग क्षमता वाला उपग्रह है।
3. यह पृथ्वी की निगरानी तथा मानचित्रण क्षमता वाला उपग्रह है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**15.** नेशनल डिवार्मिंग मिशन (National Deworming Mission) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस मिशन का उद्देश्य 1 से 19 साल तक के बच्चों को कृमियों से सुरक्षा प्रदान करना है।
2. इस मिशन के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों और सभी स्कूलों में अलबेन्डाज़ॉल (Albendazole) टेबलेट्स का वितरण सभी लक्षित बच्चों को किये जाने का लक्ष्य है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**16.** निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच आयोजित होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास को अजेय वारियर (AJEYA WARRIOR) कहा जाता है।
2. फरवरी 2020 में यह अभ्यास भारत में आयोजित किया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**17.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रेम्डेसिविर (Remdesivir) और क्लोरोक्वीन (Chloroquine) में हाल ही में उभरे नॉवेल कोरोना वायरस (Covid-19) को प्रभावी ढंग से रोकने की क्षमता है।
2. चीन ने संयुक्त राज्य अमेरिका की एक एंटीवायरल प्रायोगिक दवा रेम्डेसिविर पर पेटेंट के लिये आवेदन किया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**18.** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (National Payment Corporation of India- NPCI) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) यह रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) और भारतीय बैंकों के संघ (IBA) की एक पहल है।

(b) यह कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत एक गैर-लाभकारी कंपनी के रूप में निगमित है।

(c) रुपे (Rupay) स्वदेशी रूप से विकसित की गई एक भुगतान प्रणाली है।

(d) उपरोक्त सभी।

**19.** बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (BIS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. BIS 62 अंतर्राष्ट्रीय बैंकों के स्वामित्व वाली एक वित्तीय संगठन है।
2. भारतीय रिज़र्व बैंक BIS की सदस्यता सूची में शामिल नहीं है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**20.** हाल ही में समाचारों में रहा नागोबा जात्रा का संबंध निम्नलिखित में से भारत के किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से है?

(a) तेलंगाना (b) छत्तीसगढ़

(c) कर्नाटक (d) पुडुच्चेरी

**21.** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय की फ्लैगशिप स्कीम है।
2. यह अन्य चीज़ों के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल, उद्यमवृत्ति, वित्तीय और डिजिटल साक्षरता में भी प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगी।
3. यह देश के अविनियमित कार्यबल की कार्यकुशलताओं को राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढाँचा (नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क) के साथ जोड़ेगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**22.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किसी भी व्यक्ति के लिये पंचायत का सदस्य बनने हेतु न्यूनतम निर्धारित आयु 25 वर्ष है।
2. पंचायत के समयपूर्व भंग होने के पश्चात् पुनर्गठित पंचायत केवल अवशिष्ट समय के लिये ही जारी रहती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**23.** भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (NAFED) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नेफेड की स्थापना 2 अक्टूबर, 1958 को हुई थी।
2. इसे बहुराज्यीय सहकारी समिति अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किया गया है।
3. इस संघ की स्थापना देश भर में कृषि उत्पादों के व्यापार तथा विपणन के लिये की गई है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**24.** अनन्य आर्थिक क्षेत्र (Exclusive Economic zone- EEZ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह समुद्र के किनारे स्थित एक क्षेत्र होता है, जोकि समुद्र में आधार रेखा से अधिकतम 200 नॉटिकल मील तक फैला हुआ होता है।
2. इस क्षेत्र का निर्धारण अंतर्राष्ट्रीय मैरीटाइम संगठन (IMO) द्वारा किया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**25.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| औद्योगिक गलियारा | राज्य |
|---|---|
| 1. चेन्नई-बंगलूरू औद्योगिक गलियारा (CBIC) | – आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु |
| 2. बंगलूरू-मुंबई औद्योगिक गलियारा (BMIC) | – कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र |
| 3. दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा (DMIC) | – उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 (d) केवल 3

**26.** भारत के संविधान में शोषण के विरुद्ध अधिकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन-से परिकल्पित हैं?

1. मानव देह व्यापार और बँधुआ मज़दूरी (बेगारी) का निषेध
2. अस्पृश्यता का उन्मूलन
3. अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा
4. कारखानों और खदानों में बच्चों के नियोजन का निषेध

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**27.** बाबा कल्याणी समिति (Baba Kalyani committee) का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(a) विशेष आर्थिक क्षेत्र नीति

(b) सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों से संबंधित नीति

(c) राष्ट्रीय शिक्षा नीति

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**28.** उम्मीद (UMMID) पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस पहल की शुरुआत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के जैव-प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा की गई है।
2. नवजात शिशुओं में आनुवंशिक रोगों से निपटने के लिये इस पहल का शुभारंभ किया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**29.** माइग्रेशन और मोबिलिटी साझेदार समझौता (MMPA) किन दो देशों के मध्य है?

(a) भारत-संयुक्त राज्य अमेरिका

(b) भारत-फ्राँस

(c) भारत-स्वीडन

(d) भारत-स्विटजरलैंड

**30.** ग्रीन क्रेडिट योजना (Green credit Scheme, GCS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः

1. यह वनों से प्राप्त होने वाली वस्तुओं का कारोबार करने की अनुमति प्रदान करती है।
2. यह योजना एजेंसियों को भूमि की पहचान करने और उस पर वृक्षारोपण करने की अनुमति प्रदान करती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**31.** महादेई और महावीर वन्यजीव अभयारण्य भारत के किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है?

(a) कर्नाटक (b) गोवा

(c) पुदुच्चेरी (d) केरल

**32.** इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः

1. भारत इस संगठन का सदस्य देश नहीं है।
2. यह एक अंतरसरकारी संगठन है।
3. इस संगठन में कुल 173 सदस्य और 8 पर्यवेक्षक देश शामिल हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(a) केवल 2 और 3 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**33.** हाल के समाचारों में चर्चा में रहे शब्द गोल्डीलॉक्स ज़ोन (Goldilockes zone) का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(a) पृष्ठ के ऊपर निवास करने योग्य मंडल की सीमा।

(b) अंतरिक्ष में पृथ्वी के समान निवास योग्य क्षेत्र।

(c) बहुमूल्य धातुओं से युक्त उल्कापिंडों की खोज।

(d) पृथ्वी के अंदर का वह क्षेत्र, जहाँ ठोस (शैल) उपलब्ध है।

**34.** अंटार्कटिक संधि, 1959 के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. इसके हस्ताक्षरकर्त्ता 12 सदस्य देश हैं किंतु भारत इसमें शामिल नहीं है।
2. अंटार्कटिक संधि पर 1 दिसंबर, 1959 को वाशिंगटन में हस्ताक्षर किया गया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजियेः

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**35.** जो कुटपुई (Zokutpui) त्योहार का संबंध निम्नलिखित में से किस जनजाति से है?

(a) बोडों जनजाति (b) गारों जनजाति

(c) हो जनजाति (d) मिज़ो जनजाति

**36.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः

1. काउंसिल ऑफ यूरोप (COE) के साइबर कन्वेंशन को बुडापेस्ट कन्वेंशन के नाम से भी जाना जाता है।
2. बुडापेस्ट कन्वेंशन वर्ष 2001 में लागू किया गया एक बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय दस्तावेज़ है।
3. यह कन्वेंशन कॉपीराइट के उल्लंघन, कम्प्यूटर संबंधी धोखाधड़ी, चाइल्ड पोर्नोग्राफी सामग्री तथा नेटवर्क सुरक्षा के उल्लंघन संबंधी मुद्दों को निपटाता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**37.** बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (BTS) के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. यह भारतीय संविधान की छठी अनुसूची के प्रावधानों के तहत कार्य करता है।
2. बोडोलैंड टेरीटोरियल एरिया डिस्ट्रिक्ट (BTAD) के अंतर्गत असम के कोकराझार, बक्सा, चिरांग और उदलगुरी ज़िले शामिल हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनियेः

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**38.** पेट्रोलियम एवं एक्सप्लोसिव सुरक्षा संगठन (PESO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः

1. यह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।
2. इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**39.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः

1. खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 ने खाद्य अपमिश्रण की रोकथाम (प्रिवेंशन ऑफ फूड एडल्टरेशन) अधिनियम, 1954 को प्रतिस्थापित किया।
2. भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई.) केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के प्रभार में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**40.** निम्नलिखित खनिजों पर विचार कीजिये:

1. कैल्शियम 2. लौह 3. सोडियम

उपर्युक्त खनिजों में से मानव शरीर में पेशियों के संकुचन के लिये किसकी/किनकी आवश्यकता होती है?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**41.** पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमा कर रहा कृत्रिम उपग्रह इसलिये पृथ्वी पर नीचे नहीं गिरता, क्योंकि पृथ्वी का आकर्षण बल–

(a) उसकी गति के लिये आवश्यक त्वरण प्रदान करता है।

(b) उतनी दूरी पर अस्तित्वहीन होता है।

(c) चन्द्रमा के आकर्षण बल से निष्क्रिय हो जाता है।

(d) उसकी नियमित चाल के लिये आवश्यक गति प्रदान करता है।

**42.** निम्नलिखित नदियों पर विचार कीजिये:

1. बराक 2. लोहित

3. सुबनसिरि

उपरोक्त में से कौन-सी नदी/नदियाँ अरुणाचल प्रदेश से होकर बहती है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) ये सभी।

**43.** निम्नलिखित में विद्युत का सबसे अच्छा चालक कौन-सा है?

(a) एल्यूमिनियम (b) तांबा

(c) चांदी (d) सोना

**44.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? विषाणु संक्रमित कर सकते हैं-

1. जीवाणुओं को 2. कवकों को

3. पादपों को

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**45.** निम्नलिखित बीमारियों में से कौन-सी टैटू बनवाने के द्वारा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संचरित हो सकती है/हैं?

1. चिकनगुनिया

2. हेपेटाइटिस-बी 3. एचआईवी/एड्स

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) ये सभी।

**46.** सिंधु घाटी सभ्यता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सिंधु घाटी का भौगोलिक विस्तार पूर्व में सुत्कागेंडोर तथा पश्चिम में आलमगीरपुर तक था।

2. कालीबंगा व रंगपुर को छोड़कर सभी में पकी हुई ईंटों का प्रयोग हुआ है।

3. स्टुअर्ट पिग्गट ने हड़प्पा को 'अर्द्ध-औद्योगिक नगर' कहा है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**47.** सुमेलित कीजिये–

| | **नदी का प्राचीन नाम** | | **नदी का आधुनिक नाम** |
|---|---|---|---|
| A. | परूष्णी | 1. | झेलम |
| B. | शतुद्रि | 2. | रावी |
| C. | असिकिनी | 3. | चिनाब |
| D. | वितस्ता | 4. | सतलज |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**48.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

1. राजसूय यज्ञ – राजा के राज्याभिषेक से संबंधित

2. वाजपेय यज्ञ – यज्ञ में पशु एवं सुरा की आहुति

3. सौत्रामणि यज्ञ – पापों के क्षय और स्वर्ग की ओर ले जाने वाले यज्ञ के रूप में वर्णित

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–

(a) केवल 1 (b) केवल 3

(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 2

**49.** 'रक्त स्रावण रोग' के नाम से इनमें से कौन जाना जाता है?

(a) हीमोफिलिया

(b) एल्कैप्टोनूरिया

(c) फीनाइलकीटोन्यूरिया

(d) हँसियाकार-रुधिराणु एनीमिया

**50.** मौर्यकालीन 'हिरण्य' शब्द का संबंध है–

(a) मुद्राओं का परीक्षण करने वाले अधिकारी।

(b) डाकुओं का गिरोह।

(c) राजमहलों की देख-रेख करने वाला अधिकारी।

(d) किसानों से नकद लिया जाने वाला कर।

**51.** प्राचीन काल में भारत पर आक्रमणों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही कालक्रम है?

(a) यूनानी-कुषाण-शक-पह्लव

(b) शक-यूनानी-कुषाण-पह्लव

(c) यूनानी-शक-पहलव-कुषाण

(d) कुषाण-यूनानी-शक-पह्लव

**52.** 'खादी और ग्रामोद्योग आयोग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह 'खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम, 1956' के तहत एक सांविधिक निकाय है।
2. यह भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली एक मुख्य संस्था है।
3. इसका व्यापक उद्देश्य गरीबों को आत्मनिर्भर बनाना एवं एक मज़बूत ग्रामीण सामुदायिक भावना का निर्माण करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 3 (b) 1, 2 और 3
(c) केवल 1 और 2 (d) केवल 2 और 3

**53.** निम्नलिखित में से किस शासक को 'कश्मीर का नीरो' कहा जाता है?

(a) हर्ष (b) संग्रामराज
(c) दुर्लभवर्धन (d) कनिष्क

**54.** राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एन.आर.सी.) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वह रजिस्टर है, जिसमें सभी भारतीय नागरिकों का विवरण शामिल है।
2. इसे वर्ष 1951 की जनगणना के पश्चात् तैयार किया गया था।
3. एन.आर.सी. केवल उन्हीं राज्यों में लागू होती है, जहाँ से अन्य देश के नागरिक भारत में प्रवेश करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**55.** निम्नांकित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?

1. शक् संवत् का आरंभ 57 ई.पू. में हुआ था।
2. विक्रम संवत् का आरंभ 78 ई.पू. में हुआ था।
3. भारत का वर्तमान राष्ट्रीय पंचांग विक्रम संवत् पर आधारित है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**56.** चतुर्भुज नटराज की प्रसिद्ध कांस्य मूर्ति किस कला का उदाहरण है?

(a) गुप्त कला (b) चोल कला
(c) गांधार कला (d) मौर्य कला

**57.** 14 अप्रैल, 2020 को राष्ट्रीय कृषि बाज़ार योजना 'ई-नाम' ने 4 साल पूर्ण किये हैं। इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह एक अखिल भारतीय इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग पोर्टल है।
2. यह मौजूदा कृषि उपज विपणन समितियों और अन्य कृषि मंडियों को एक नेटवर्क से जोड़कर विशाल बाज़ार का निर्माण करता है।
3. हाल ही में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने कोविड-19 की वजह से उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए 'ई-नाम' पोर्टल में संशोधन किया है।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**58.** कुतुबुद्दीन ऐबक की मृत्यु कैसे हुई?

(a) बुंदेलखंड् के किले कालिंजर को घेरा डालते समय उसे चोटें लगी जिसके कारण बाद में उसकी मृत्यु हो गई।
(b) पंजाब पर अधिकार जमाने के लिये गज़नी के शासक ताजुद्दीन यलदोज के साथ हुए युद्ध में उनकी मृत्यु हुई।
(c) चौगान की क्रीड़ा के दौरान अश्व से गिरने के बाद उनकी मृत्यु हो गई।
(d) उसके एक महत्त्वाकांक्षी कुलीन व्यक्ति ने कपट से छूरा मारकर उनकी हत्या कर दी।

**59.** निम्नांकित कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. पुष्टिमार्ग के दर्शन को मध्वाचार्य ने प्रतिपादित किया।
2. 'बीजक' संत दादुदयाल के उपदेशों का एक संकलन है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**60.** निम्नलिखित में से कौन अकबर के नवरत्न में शामिल थे?

1. फैज़ी 2. टोडरमल
3. सुलेमान किरानी 4. मुल्ला दो प्याजा

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**61.** हाल ही में जी-20 समूह के देशों द्वारा कोविड-19 महामारी से निपटने तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग हेतु 'जी-20 वर्चुअल समिट' का आयोजन किस देश की अध्यक्षता में किया गया?

(a) भारत (b) सऊदी अरब
(c) चीन (d) ऑस्ट्रेलिया

**62.** 'कौंडिन्य वन्यजीव अभयारण्य' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत के आंध्र प्रदेश राज्य में स्थित कौंडिन्य वन्यजीव अभयारण्य एक हाथी अभयारण्य है।
2. इस अभयारण्य को वर्ष 1990 में स्थापित किया गया था।
3. इस अभयारण्य में पलार नदी की दो सहायक नदियाँ- कैंडिन्या और कैगल बहती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**63.** दादाभाई नौरोजी द्वारा प्रतिपादित अपवाह सिद्धांत (Drain theory) की सर्वाधिक उपयुक्त परिभाषा निम्नलिखित में से कौन-सी है?

(a) भारत में ब्रिटिश सामान का आयात किया जाता था और देश को आर्थिक रूप से कमज़ोर, गरीब बनाया जा रहा था।

(b) साम्राज्यवादी शक्ति के संरक्षण में ब्रिटिश उद्योगपतियों को भारत में निवेश के अवसर दिये जाते थे।

(c) देश के संसाधनों का उपयोग ब्रिटेन के हित में किया जा रहा था।

(d) भारत की राष्ट्रीय संपदा का एक भाग अथवा कुल वार्षिक उत्पाद ब्रिटेन को निर्यात कर दिया जाता था, जिसके लिये भारत को कोई वास्तविक प्रतिफल नहीं मिलता था।

**64.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **विद्रोह के नेतृत्वकर्त्ता** | | **विद्रोह का केंद्र** |
|---|---|---|---|
| 1. | लियाकत अली | – | फैज़ाबाद |
| 2. | खान बहादुर खाँ | – | बरेली |
| 3. | बेगम हजरत महल | – | कानपुर |
| 4. | नाना साहब | – | लखनऊ |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 2 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 4 (d) केवल 3

**65.** 'ग्रेट बैरियर रीफ' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर स्थित ग्रेट बैरियर रीफ विश्व की सबसे बड़ी एवं प्रमुख अवरोधक प्रवाल भित्ति है।
2. यह ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड के उत्तर-पूर्वी तट में मरीन पार्क के समानांतर फैली हुई है।
3. इसे वर्ष 1981 में विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**66.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. साइबेरियन आईबेक्स जंगली बकरी की एक प्रजाति है, जो शीत मरुस्थल, चट्टानी दृश्य भूमि, तीव्र ढाल के क्षेत्र, उच्च समतल भूमि, पर्वतीय कगार जैसे विभिन्न आवासों में निवास करती है।
2. यह प्रजाति अफगानिस्तान, चीन में झिंजियांग, भारत में हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर, कज़ाखस्तान, मंगोलिया इत्यादि के पर्वतीय क्षेत्रों में 500-6000 मीटर की ऊँचाई तक पाई जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**67.** 'एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय योजना की शुरुआत वर्ष 2005 में की गई थी।
2. इस मॉडल के अनुसार प्रथम विद्यालय का शुभारंभ महाराष्ट्र में हुआ था।
3. यह देश में आदिवासी छात्रों के लिये उत्कृष्ट संस्थानों के रूप में कार्यरत् है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**68.** 'ई-बिज' संबंधित है–

(a) इलेक्ट्रॉनिक्स वाणिज्य से

(b) सरकारी सेवाओं की पहुँच हेतु एकल द्वार (प्लेटफॉर्म) से

(c) वित्तीय लेन-देन हेतु एकल द्वार (प्लेटफॉर्म) से

(d) विपणन संबंधी पूछताछ हेतु एकल द्वार (प्लेटफॉर्म) से

**69.** योजना आयोग और नीति आयोग में अंतर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. योजना आयोग में योजनाओं के निर्माण में केंद्र सरकार की केंद्रीय भूमिका थी, जबकि नीति आयोग में योजनाओं के निर्माण में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों की सम्मिलित सहभागिता होती है।
2. योजना आयोग का कार्य राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को राज्य योजनाओं के लिये पूंजी का आवंटन करने के साथ-साथ सहकारी संघवाद को भी बढ़ावा देना था, जबकि नीति आयोग का कार्य केवल राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को राज्य योजनाओं के लिये पूंजी का आवंटन करना है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**70.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जब मुद्रास्फीति की दर 3 प्रतिशत या उससे अधिक होती है तो 'क्रीपिंग इन्फ्लेशन' (Creeping inflation) कहते हैं।
2. जब मुद्रास्फीति की दर क्रिपिंग इन्फ्लेशन की दर से कम होती है तो उसे वाकिंग इन्फ्लेशन (Walking inflation) कहते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**71.** 'युक्ति पोर्टल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 12 अप्रैल, 2020 को ज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के साथ कोविड-19 का मुकाबला करने के लिये युक्ति वेब पोर्टल लॉन्च किया।
2. युक्ति का पूर्णरूप 'यंग इंडिया कॉम्बैटिंग कोविड-19 विथ नॉलेज, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन' है।
3. यह पोर्टल मानव संसाधन विकास मंत्रालय और देश के विभिन्न संस्थानों के बीच दोतरफा संचार चैनल स्थापित करेगा।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**72.** निम्नांकित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?

1. 26 नवंबर, 1949 को अपनाए गए संविधान में प्रस्तावना 395 अनुच्छेद, 22 भाग और 12 अनुसूचियाँ थीं।
2. प्रस्तावना को पूर्ण संविधान लागू होने (26 जनवरी 1950) के पश्चात् लागू किया गया।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**73.** आंध्र प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय द्वारा दिये गए निर्देशों के आधार पर 'नवरत्नालु पेदलंदरिकी इलू' कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। 'नवरत्नालु पेदलंदरिकी इलू' का अर्थ है:

(a) सभी गरीबों के लिये घर

(b) सभी गरीबों के लिये भोजन

(c) सभी गरीबों के लिये शौचालय

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**74.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 142 उच्चतम न्यायालय को संपूर्ण न्याय करने के लिये एक विशेष शक्ति प्रदान करता है।
2. अनुच्छेद 141 में कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा घोषित कानून भारत की सभी अदालतों के लिये बाध्यकारी नहीं होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**75.** निम्नांकित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. 'विधि के समक्ष समता' का विचार ब्रिटिश मूल से उद्धृत है, जबकि 'विधियों का समान संरक्षण' को अमेरिकी संविधान से लिया गया है।
2. ब्रिटिश न्यायविद् डायसी ने 'विधि के समक्ष समता के अधिकार' को 'विधि का शासन' के सिद्धांत का मूल तत्त्व कहा है।

नीचे दिये गए कूट के आधार पर सही उत्तर चुनिये–

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**76.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये।

1. अनुच्छेद-40 – काम करने का अधिकार
2. अनुच्छेद-41 – कृषि एवं पशुपालन का संगठन
3. अनुच्छेद-44 – समान नागरिक संहिता
4. अनुच्छेद-48 – ग्राम पंचायतों का संगठन

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 3 (b) केवल 1

(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 4

**77.** भारत सरकार द्वारा 'मूल कर्त्तव्यों के प्रचालन' (Operationalisation of fundamental duties) के संबंध में किस समिति का गठन किया गया?

(a) जे.वी.पी. समिति

(b) सरदार स्वर्ण सिंह समिति

(c) अशोक सिंह समिति

(d) जे.एस. वर्मा समिति

**78.** 'मैपिंग इंडियाज एनर्जी सब्सिडीज़, 2020' रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस रिपोर्ट के अनुसार भारत की नवीकरणीय ऊर्जा सब्सिडी में 2017-18 के मुकाबले 2018-19 में 35 प्रतिशत गिरावट हुई।
2. यह रिपोर्ट इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट और काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर द्वारा जारी की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**79.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वित्तीय आपातकाल की घोषणा को घोषित तिथि के दो माह के भीतर संसद की स्वीकृति मिलना अनिवार्य है।
2. वित्तीय आपातकाल को अधिकतम दो साल की अवधि तक के लिये जारी रखा जा सकता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**80.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | शिल्प के प्रकार | | संबंधित स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | पिछवाई | : | नाथद्वारा (राजस्थान) |
| 2. | रबारी कला | : | कच्छ (गुजरात) |
| 3. | फूल-पत्ती का काम | : | अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 (b) 1, 2 और 3

(c) केवल 2 (d) केवल 1 और 3

**81.** 'आरोग्य सेतु ऐप' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस ऐप को सार्वजनिक-निजी साझेदारी के ज़रिये तैयार एवं गूगल प्ले स्टोर पर लॉन्च किया गया है।
2. इस ऐप का मुख्य उद्देश्य कोविड-19 से संक्रमित व्यक्तियों एवं उपायों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना है।
3. यह ऐप 22 भाषाओं में उपलब्ध है और साथ ही इसमें देश के सभी राज्यों के हेल्पलाइन नंबरों की सूची भी दी गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 1 (d) 1, 2 और 3

**82.** हाल ही में नेपाल ने एक नया राजनीतिक मानचित्र जारी करते हुए भारत के कुछ क्षेत्रों को नेपाल के हिस्से के रूप में दर्शाया है। नेपाल के नक्शे में प्रदर्शित भारतीय क्षेत्रों में शामिल है/हैं-

1. कालापानी 2. लिम्पियाधुरा

3. लिपुलेख 4. सुस्ता

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1

(b) केवल 1, 2 और 4

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2, 3 और 4

**83.** सुमेलित कीजिये:

| | स्थान | | घास का मैदान |
|---|---|---|---|
| 1. | ब्राजील | A. | पुस्टाज |
| 2. | दक्षिण अफ्रीका | B. | कैंटरबरी |
| 3. | हंगरी | C. | कैम्पोस |
| 4. | न्यूज़ीलैंड | D. | वेल्ड |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**84.** 'वैश्विक पोषण रिपोर्ट-2020' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाल ही में जारी 'वैश्विक पोषण रिपोर्ट-2020' के अनुसार, भारत विश्व के उन 88 देशों में शामिल है, जो संभवत: वर्ष 2025 तक वैश्विक पोषण लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल नहीं हो सकेंगे।
2. वर्ष 2012 में विश्व स्वास्थ्य सभा में माँ, शिशु और किशोर बच्चों में 6 पोषण लक्ष्यों की पहचान की गई थी, जिन्हें वर्ष 2025 तक प्राप्त किया जाना है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**85.** हाल ही में मणिपुर के 'चाक-हाओ' को भौगोलिक संकेतक (GI) टैग दिया गया है। 'चाक-हाओ' है-

(a) काला चावल

(b) उन्नत किस्म की चाय

(c) एक प्रकार का नींबू

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**86.** 'इस्लामिक सहयोग संगठन' (ओ.आई.सी.) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ओ.आई.सी. की स्थापना 25 सितंबर, 1969 को रबात में हुए ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन में हुई थी।
2. यह संयुक्त राष्ट्र के बाद दूसरा सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है।
3. ओ.आई.सी. के सदस्य राष्ट्रों की संख्या 57 है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**87.** 'देहिंग पटकाई वन्यजीव अभयारण्य' निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

(a) असम (b) राजस्थान

(c) तमिलनाडु (d) केरल

**88.** 'वैश्विक ऊर्जा संक्रमण सूचकांक, 2020' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'वैश्विक ऊर्जा संक्रमण सूचकांक', विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी किया जाता है।
2. इस सूचकांक के अनुसार भारत ऊर्जा सुरक्षा, विकास और पर्यावरणीय संधारणीयता जैसे प्रमुख मापदंडों में सुधार के साथ 74वें स्थान पर आ गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 न ही 2

**89.** पोंजी स्कीम है-

(a) धोखाधड़ी युक्त निवेश घोटाला

(b) सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के लिये बीमा योजना

(c) ऊर्जा बचत से संबंधित एक स्कीम

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**90.** 'भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

1. यह गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।
2. यह राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासतों के पुरातत्त्वीय अनुसंधान तथा संरक्षण के लिये एक प्रमुख संगठन है।
3. प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्त्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के प्रावधानों के अनुसार, यह देश में सभी पुरातत्त्वीय गतिविधियों को विनियमित करता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**91.** 'कर्नाटक संगीत' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कर्नाटक संगीत शास्त्रीय संगीत की दक्षिण भारतीय शैली है।
2. यह संगीत अधिकांशत: भक्ति संगीत के रूप में होता है और इसके अंतर्गत अधिकतर रचनाएँ हिंदू देवी-देवताओं को संबोधित होती हैं।
3. पुरंदर दास को कर्नाटक संगीत के पिता के रूप में सम्मानित किया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) 1, 2 और 3 (b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 1 और 2

**92.** 'स्वर्ण त्रिभुज क्षेत्र' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्वर्ण त्रिभुज वह क्षेत्र है, जहाँ थाईलैंड, लाओस और म्याँमार की सीमाएँ रूअक एवं मेकांग नदियों के संगम पर मिलती हैं।
2. यह दक्षिण-पूर्व एशिया का मुख्य अफीम उत्पादक क्षेत्र तथा यूरोप और उत्तरी अमेरिका में नशीले पदार्थों की आपूर्ति हेतु सबसे पुराने मार्गों में से एक है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**93.** 'अटल नवप्रवर्तन मिशन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस मिशन का उद्देश्य नए कार्यक्रमों और नीतियों का विकास करना है, ताकि अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में नवप्रवर्तन को बढ़ावा मिले।
2. इसकी स्थापना के पहले वर्ष में अटल टिंकरिंग लैब, अटल इनक्यूबेशन सेंटर, अटल न्यू इंडिया चुनौती, मेंटर इंडिया अभियान, अटल सामुदायिक नवप्रवर्तन केंद्र, अराइज इत्यादि छ: प्रमुख पहलें की गईं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**94.** उष्णकटिबंधीय चक्रवात के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की अवधि एक हफ्ते या इससे ज्यादा होती है।
2. प्रत्येक वर्ष उष्णकटिबंधीय चक्रवातों का नाम वर्णों के क्रम के मुताबिक होता है।
3. इसके तहत चक्रवातों के नाम पुरुष और महिला के नामों पर रखे जाते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**95.** हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति ने 'उइगर मानवाधिकार विधेयक' को मंजूरी दी है। इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अधिनियम ट्रंप प्रशासन से चीन के उन शीर्ष अधिकारियों को दंडित करने की मांग करता है, जिनके द्वारा अल्पसंख्यक उइगर मुसलमानों को हिरासत में रखा गया है।
2. यह अधिनियम वरिष्ठ चीनी अधिकारियों के खिलाफ प्रतिबंधों का आह्वान करता है, जिनमें शिनजियांग कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव आदि शामिल हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**96.** G-7 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका गठन वर्ष 1992 में किया गया था।
2. जी-7 का कोई भी औपचारिक संविधान या एक निर्धारित मुख्यालय नहीं है।
3. वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान समूह द्वारा लिये गए निर्णय गैर-बाध्यकारी होते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**97.** 'टॉरनेडो एली' (Tornado Alley) है–

(a) एक प्रकार का वृक्ष, जो शीतोष्ण कटिबंध में उगता है।

(b) एक प्रकार की हवा जो मरुस्थल में चलती है।

(c) संयुक्त राज्य अमेरिका का एक वृहद् मैदानी भाग

(d) लक्ष्य द्वीप समूह के निकट सामान्यत: पाई जाने वाली मछली का एक प्रकार।

**98.** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जैव चिकित्सा अनुसंधान के समन्वय और प्रचार के लिये दुनिया के सबसे पुराने चिकित्सा अनुसंधान निकायों में से एक है।
2. इसका मुख्यालय बंगलूरू में अवस्थित है।
3. इसे भारत सरकार के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के माध्यम से वित्तपोषित किया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**99.** अफ्रीका महाद्वीप के निम्नलिखित देशों में से किनसे होकर विषुवत् रेखा गुज़रती है?

1. युगांडा
2. रवांडा
3. गैबोन
4. विषुवतीय गिनी

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) केवल 1, 2 और 4

**100.** अखिल भारतीय बाघ अनुमान, 2018 के सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में किन दो राज्यों में बाघों की संख्या सर्वाधिक है?

(a) मध्य प्रदेश और कर्नाटक

(b) प. बंगाल और ओडिशा

(c) महाराष्ट्र और तमिलनाडु

(d) राजस्थान और छत्तीसगढ़

# यू.पी.एस.सी (प्रारंभिक परीक्षा), 2020

## सामान्य अध्ययन-I (मॉडल पेपर-2) उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (b) | 39. | (a) | 77. | (d) |
| 2. | (d) | 40. | (d) | 78. | (c) |
| 3. | (c) | 41. | (a) | 79. | (a) |
| 4. | (d) | 42. | (b) | 80. | (b) |
| 5. | (d) | 43. | (c) | 81. | (a) |
| 6. | (d) | 44. | (d) | 82. | (d) |
| 7. | (b) | 45. | (b) | 83. | (d) |
| 8. | (c) | 46. | (b) | 84. | (c) |
| 9. | (a) | 47. | (d) | 85. | (a) |
| 10. | (c) | 48. | (a) | 86. | (d) |
| 11. | (c) | 49. | (a) | 87. | (a) |
| 12. | (d) | 50. | (d) | 88. | (c) |
| 13. | (c) | 51. | (c) | 89. | (a) |
| 14. | (d) | 52. | (b) | 90. | (a) |
| 15. | (c) | 53. | (a) | 91. | (a) |
| 16. | (a) | 54. | (d) | 92. | (c) |
| 17. | (c) | 55. | (d) | 93. | (c) |
| 18. | (d) | 56. | (b) | 94. | (d) |
| 19. | (a) | 57. | (d) | 95. | (c) |
| 20. | (a) | 58. | (c) | 96. | (b) |
| 21. | (c) | 59. | (d) | 97. | (c) |
| 22. | (b) | 60. | (c) | 98. | (b) |
| 23. | (d) | 61. | (b) | 99. | (c) |
| 24. | (a) | 62. | (d) | 100. | (a) |
| 25. | (a) | 63. | (d) | | |
| 26. | (c) | 64. | (a) | | |
| 27. | (a) | 65. | (d) | | |
| 28. | (c) | 66. | (c) | | |
| 29. | (b) | 67. | (a) | | |
| 30. | (c) | 68. | (b) | | |
| 31. | (b) | 69. | (a) | | |
| 32. | (a) | 70. | (d) | | |
| 33. | (b) | 71. | (d) | | |
| 34. | (c) | 72. | (a) | | |
| 35. | (d) | 73. | (a) | | |
| 36. | (d) | 74. | (a) | | |
| 37. | (c) | 75. | (c) | | |
| 38. | (b) | 76. | (a) | | |